डॉ० राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या (उ०प्र०)

पत्रांक : लो0अ0वि0 / कु0स0का0 / 2025 / 29 दिनांक : 04.03.2025

सेवा में,

1. संकायाध्यक्ष / विभागाध्यक्ष / निदेशक / समन्वयक,
2. प्रशासनिक अधिकारी / प्रधान सहायक / प्रभारी,

डा0 रा0म0लो0 अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या।

विषय :पढ़े विश्वविद्यालय बढ़े विश्वविद्यालय अभियान के अंतर्गत छात्र–छात्राएं, शिक्षक, अभिभावकगण, अधिकारी एवं कर्मचारीगण का एक साथ पुस्तक पढ़ने के संबंध में।

महोदय / महोदया,

आपको अवगत कराना है कि राज्यपाल सचिवालय, लखनऊ, उत्तर प्रदेश के सर्कुलर सं0 ई–1112 / 32–जी0एस0 / 2024 XXIII दिनांक 21 फरवरी, 2025 के अनुपालन में दिनांक 7 मार्च को पढ़े विश्वविद्यालय / पढ़े महाविद्यालय एवं बढ़े विश्वविद्यालय / बढ़े महाविद्यालय अभियान के अंतर्गत विश्वविद्यालय में छात्र–छात्राओं, उनके शिक्षक, अभिभावक गण तथा अधिकारी एवं कर्मचारी गण द्वारा एक साथ 1 धंटे तक अपनी पसंद की पुस्तक पढ़ने का कार्यक्रम संपादित किया जाएगा। उक्त कार्यक्रम में विश्वविद्यालय से प्रतिभाग करने वाले प्रतिभागी अपना रजिस्ट्रेशन अनिवार्य रुप से विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.pledge.rmlauexams.in पर करेंगे।

प्रत्येक विद्यार्थी / शिक्षक / अधिकारी / कर्मचारी एवं अभिभावक अपनी पुस्तक स्वयं अपने साथ लेकर आएंगे। पुस्तक पढ़ने के पश्चात 12:15 बजे नशा मुक्ति एवं दहेज उन्मूलन संबंधी शपथ भी लेंगे। कार्यक्रम का जियोटैग फोटो एवं 30 सेकेण्ड का वीडियो अपनी पेन ड्राइव में इस अभियान के नोडल अधिकारी प्रो0 संत शरण मिश्र को प्रत्येक दशा में 2 बजे तक उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे। एक साथ पुस्तक पढ़ने का कार्यक्रम बैठने योग्य पेड़ के नीचे अथवा फील्ड या लॉन में भी संपन्न कराया जा सकता है, जहां बैठने की कोई विशेष आकृति बनाई जा सकती है।

<u>कार्यक्रम विवरण</u>

दिनांक एवं समय : 7 मार्च, 2025, 11:00 बजे से 12:00 बजे तक (पुस्तक पढ़ने का कार्यक्रम)

दिनांक एवं समय : 7 मार्च, 2025, 12:15 बजे (नशा मुक्ति एवं दहेज उन्मूलन संबंधी शपथ)

<u>प्रतिज्ञा का प्रारुप निम्नवत है :–</u>

<u>दहेज मुक्त भारत के लिए प्रतिज्ञा</u>

मैं प्रतिज्ञा करता हूं कि विवाह के पवित्र बंधन को दहेज रुपी सौदे से मुक्त र,ूंगा। स्वयं दहेज न लूंगा और न ही दूंगा। दहेज लेने वालों और देने वाले का विरोध करुंगा और लोगों को इसके दुष्परिणामों से अवगत कराऊंगा। अपने परिवार, मित्रों और समुदाय को दहेज प्रथा के खिलाफ जागरुक करूंगा, पारिवारिक मधुरता के प्रति संवेदनशील होने का दायित्वबोध कराऊंगा।

अपने जीवन में पूरी निष्ठा और ईमानदारी से भारत को एक दहेज मुक्त, समतामूलक, जिम्मेदार और स्वस्थ विचारों का पोषक समाज बनाने के लिए प्रतिबद्व रहूंगा।

जय हिंद जय भारत।

<u>नशा मुक्त भारत के लिए प्रतिज्ञा</u>

मैं प्रतिज्ञा करता हूं कि किसी भी प्रकार के नशे अथवा मादक पदार्थ का सेवन न स्वयं करूंगा, न ही अन्य को प्रोत्साहित करुंगा। नशे से शारीरिक, मानसिक और सामाजिक दुष्प्रभावों के बारे में परिवार मित्र, समाज व जन–जन को जागरुक करूंगा। किसी भी प्रकार के नशें के व्यापार की जानकारी मिलने पर मैं प्रशासन को इसकी सूचना दूंगा और कानूनी कार्यवाही का समर्थन करूंगा।

मेरा भारत देश एक नशा मुक्त, स्वस्थ प्रगतिशील व समृद्व राष्ट्र कहलाए इसके लिए पूर्णतः प्रतिबद्व रहूंगा।

जय हिंद जय भारत।

भवदीय

(उमानाथ)

कुलसचिव